ईस्टर पर जी उठे 'मसीह' के जयकारों से गूंजे चर्च, भोर में निकला कैंडल मार्च

भीलवाड़ा। शहर में रविवार को मसीही समाज ने प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने का पर्व 'ईस्टर' असीम उत्साह, आस्था और भक्तिभाव के साथ मनाया। गुड फ्राइडे के शोक और गम के बाद रविवार की सुबह समाज के लिए खुशियों का नया संदेश लेकर आई। मान्यता है कि सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनः जीवित हो गए थे। इसी पावन स्मृति में मनाया जाने वाला यह पर्व प्रेम, क्षमा, करुणा और जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। शहर के सभी 11 प्रमुख चर्चों में तड़के से ही विशेष प्रार्थना सभाओं और धार्मिक उत्सव का दौर शुरू हो गया था। क्रिश्चियन सेवा समिति के अध्यक्ष गुडविन मसीह ने बताया कि पर्व का उल्लास रविवार सुबह 5:00 बजे से ही शुरू हो गया था। समाज के श्रद्धालु अपने-अपने घरों से जलती हुई मोमबत्तियां लेकर बेहद अनुशासित तरीके से चर्च पहुंचे। इस भोर के कैंडल मार्च (जुलूस) के जरिए पूरी श्रद्धा के साथ प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का दिव्य संदेश प्रसारित किया गया। इसके तुरंत बाद चर्चों में विशेष 'सनराइज सर्विस' का आयोजन हुआ, जहाँ पवित्र बाइबल के वचनों के पाठ के जरिए उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि कैसे प्रभु ने मानवता के कल्याण के लिए मृत्यु पर विजय प्राप्त की थी। इस विशेष अवसर पर मसीही समाज के लोग आकर्षक और नई वेशभूषा पहनकर सपरिवार चर्च पहुंचे। संडे स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रभु की महिमा में सुमधुर गीत और भक्तिमय भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया। सभी चर्च परिसरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था। प्रार्थना सभा के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर 'हैप्पी ईस्टर' कहते हुए पर्व की बधाई दी। शहर के विभिन्न चर्चों में पादरियों ने देश में अमन, चैन, शांति और आपसी सद्भाव के लिए विशेष प्रार्थना की। एंग्लिकन एवं मेथोडिस्ट चर्च में फादर पॉलसन और फादर परमजीत माइकल ने शांति का संदेश दिया।

तकनीक को अपनाएं, लेकिन समाधान व्यावहारिक हों : सीजे शर्मा

भूमि पूजन केवल एक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं, बल्कि न्याय के सुदृढ़ एवं सशक्त भविष्य की नींव- डिप्टी सीएम दिया कुमारी

जिले को मिलेगी आधुनिक न्यायालय परिसर की सौगात, सांगानेर तस्वारिया में 62 बीघा भूमि का हुआ विधिवत भूमि पूजन

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए न्यायिक प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है, किन्तु यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि तकनीक का उपयोग व्यावहारिक एवं परिणामोन्मुख हो। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट, डिजिटल फाइलिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। यह बात उन्होंने सांगानेर-तस्वारिया स्थित 62 बीघा भूमि पर नवीन जिला न्यायालय परिसर के निर्माण हेतु आयोजित समारोह के दौरान कहीं। उन्होंने नवीन न्यायालय परिसर के निर्माण में आधुनिक एवं समुचित सुविधाओं के समावेश पर बल देते हुए कहा कि पर्याप्त न्यायालय कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए सुव्यवस्थित चैंबर, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, पुस्तकालय, प्रतीक्षालय एवं पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि न्यायिक कार्यों का सुचारू संचालन हो सके।

इस अवसर पर सांगानेर-तस्वारिया स्थित 62 बीघा भूमि पर नवीन जिला न्यायालय परिसर के निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन किया गया। साथ ही जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा की वर्ष 2026 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी, न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधिपति फरजन्द अली, न्यायाधिपति प्रवीर भटनागर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधिपति फरजन्द अली, न्यायाधिपति प्रवीर भटनागर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन उम्मेद सिंह राठौड़ ने अपना उद्बोधन दिया। समारोह का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भूमि पूजन से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली व मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्र नाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरू सिंह गौड़, आनंद शर्मा शामिल रहे।

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नवीन न्यायालय परिसर हेतु आवंटित भूमि पर किया गया यह भूमि पूजन केवल एक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं, बल्कि न्याय के सुदृढ़ एवं सशक्त भविष्य की नींव रखने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है और जब न्याय सुलभ, सुगम एवं प्रभावी होता है, तभी समाज में विश्वास, संतुलन एवं स्थिरता सुनिश्चित होती है। न्यायाधिपति पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने न्यायिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता को सकारात्मक एवं उत्साहजनक बताते हुए कहा कि इससे न्याय प्रणाली अधिक समावेशी एवं सशक्त बन रही है। न्यायाधिपति फरजंद अली ने युवा अधिवक्ताओं को पढ़ने और परिश्रम करने के लिए प्रेरणापरद उद्बोधन दिया।

फटाफट

भाविप आजाद शाखा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद, आजाद शाखा द्वारा 'जहाँ अनुभवों का सम्मान है, वहीं विकास का वरदान है' के ध्येय वाक्य के साथ भव्य 'विरासत वंदन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा के सभी पूर्व अध्यक्षों के अमूल्य योगदान को सराहते हुए उन्हें विशेष 'टाइटल्स' से नवाजा गया और सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्षों में संस्थापक अध्यक्ष कैलाश सोनी, शीतल माहेश्वरी, अभिषेक लोहिया, शिवम प्रहलादका, सुमित जागेटिया, विनोद कोठारी, अरुण बाहेती, अमित सोनी, अभिषेक सोमानी और विनीत शर्मा शामिल रहे। समारोह के दौरान प्रारंभ में नवीन सत्र के लिए दायित्व ग्रहण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। श्याम जी कुमावत के सान्निध्य में नई टीम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्षः प्रदीप चौधरी, सचिवः प्रशांत खटोड़, कोषाध्यक्षः मोहित पगारिया मौजूद रहे।

भाविप की सातों शाखाओं का सामूहिक दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद की शहर में कार्यरत सभी सात शाखाओं का 'सामूहिक दायित्व ग्रहण' समारोह रविवार को कोटा रोड स्थित माहेश्वरी भवन में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह में शहर की विवेकानंद, प्रताप, सुभाष, आजाद, वीर शिवाजी, मीरा और भगत सिंह शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक साथ अपने सेवा संकल्प की शपथ ली। समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमाणी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं रीजनल संयोजक (संपर्क) कमल किशोर व्यास ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व बोध कराते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पी.एम. बेसवाल उपस्थित रहे।

सांसद अग्रवाल और विधायक बैरवा ने किया 18.53 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

शाहपुरा ■ संवाद सूत्र

राजस्थान की 'डबल इंजन' सरकार के नेतृत्व में शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। शनिवार को शाहपुरा में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल और स्थानीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने क्षेत्र को 18.53 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इन परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए जनप्रतिनिधियों ने इसे क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. बैरवा ने स्वीकृत हुए विभिन्न विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा साझा किया, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है। शाहपुरा में 11 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। लंबे समय से कलाप्रेमियों और साहित्यकारों द्वारा की जा रही इस मांग के पूरा होने पर अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. कैलाश मंडेला ने हर्ष व्यक्त किया। 4.16 करोड़ रुपये की लागत से बहुउद्देशीय पशु अस्पताल का निर्माण होगा। 2 करोड़ रुपये की लागत से डाक बंगले के नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसका भूमि पूजन सांसद व विधायक द्वारा किया गया।राजकीय महाविद्यालय में 50 लाख रुपये से आईटीसी लेब व स्मार्ट क्लास, मॉडल स्कूल में 25 लाख रुपये से डोम निर्माण, और विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं व टिन शेड के लिए लाखों रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की कूटनीतिक सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी और वर्तमान खाड़ी संकट के बावजूद भारत में ईंधन की कीमतों पर नियंत्रण रखना सरकार की कुशल प्रबंधन क्षमता का प्रमाण है। सांसद ने ईरान-इजरायल युद्ध के बीच होर्मुज खाड़ी से भारतीय तेल टैंकरों के सुरक्षित निकलने को भारत की बड़ी कूटनीतिक विजय बताया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संकट के समय में भी कुछ लोग पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहें फैलाकर गंदी राजनीति कर रहे हैं। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास कार्यों के लिए उदारतापूर्वक बजट आवंटित कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि शाहपुरा-बनेड़ा के विकास के लिए प्रस्तावित हर कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

सुर्खियां

गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़ने का विधायक कोठारी ने किया आह्वान

भीलवाड़ा। साधु-संतों के मार्गदर्शन में देशभर में चलाए जा रहे 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने की विधायक अशोक कुमार कोठारी ने अपील की है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 27 अप्रैल को पूरे देश में 'गौ सम्मान दिवस' मनाया जाएगा। विधायक कोठारी ने कहा कि इस अवसर पर भारत की लगभग 5 हजार तहसीलों में केंद्र सरकार के नाम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इन प्रार्थना पत्रों के साथ आमजन द्वारा किए गए हस्ताक्षरों की प्रतिलिपियां भी संलग्न की जाएंगी, ताकि गो संरक्षण और सम्मान को लेकर जनभावना सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी व्यक्ति या संगठन विशेष के बैनर तले नहीं, बल्कि गोमाता के सम्मान, संरक्षण और अधिकारों के लिए जनजागरण के रूप में चलाया जा रहा है। अभियान में गोमाता को प्रधान संरक्षक तथा नंदी बाबा को अध्यक्ष स्वरूप माना गया है। विधायक कोठारी ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख रूप से गोमाता के संरक्षण, पालन और संवर्धन के लिए उचित अनुसंधान एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाए। पूरे भारत में गौ हत्या पर स्थायी रूप से रोक लगाई जाए।गोमाता को मौलिक अधिकार प्रदान किए जाएं। विधायक कोठारी ने सभी गौ-भक्तों, सनातनी नागरिकों, साधु-संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस पावन अभियान से जुड़ें और 27 अप्रैल को अपने निकटतम तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर अभियान के जिला प्रभारी जगदीश चंद्र तेली, राजेश रांका, नंदकिशोर तेली, शोभालाल जीनगर, दिनेश लक्षकार, विश्व प्रतापनाथ सिंह, एडवोकेट अर्पित कोठारी, बाबूलाल टांक, मनोज शर्मा, विवेक निमावत, प्रदीप सांखला, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल कोठारी, राजकुमार ईनाणी, संजय राठी, दिनेश सुथार, रचित राज रांका, पृथ्वीराज एवं सारथी करण सिंह सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

परिवार के साथ भोजन और संस्कारों से घर बनेगा मंदिर

भीलवाड़ा। श्री केशव स्मृति सेवा न्यास मांडल द्वारा नवनिर्मित नवीन भवन 'भारतम' का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को जीवंत करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक नंदलाल बाबा जी ने कहा कि आज के दौर में 'कुटुंब प्रबोधन' की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, रहमारा घर मंगल हो और मंदिर जैसा पवित्र बने, इसके लिए परिवार के सभी सदस्यों को सप्ताह में कम से कम एक दिन साथ बैठकर भोजन करना चाहिए।

राज्य स्तरीय अंडर 20 बालक फुटबॉल टीम घोषित

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन विशिष्ट विश्नोई एवं अध्यक्ष लादू लाल तेली की अगुवाई में भीलवाड़ा अंडर 20 बालक फुटबॉल टीम की घोषणा की गई। जिला फुटबॉल संघ के सचिव केलाश चंद्र खटीक ने बताया कि राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ चितौड़गढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंडर 20 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता 6 अप्रैल से सैनिक स्कूल के मैदान पर होना प्रस्तावित है। जिसमें भीलवाड़ा टिम भी हिस्सा लेगी टिम में कप्तान सिद्धार्थ गौतम बैरवा करण सिंह आजाद सिंह साहिल खोईवाल केशव बुनकर अर्पित वैष्णव अरमान अंसारी हर्षवर्धन गोविंद शर्मा देवराज कोटिया दीपक शर्मा रुद्र प्रताप सिंह अजय कुमार मीणा आदित्य मल्होत्रा शुभम सेन विजय प्रताप सिंह राठौड़ तथव खान रोहित सिंह भाटी को टीम में शामिल किया गया। प्रवक्ता दीपक खींची ने बताया टिम कोच की कमान मिथलेश मारू को सोपी गई वही मैनेजर प्रहलाद सिंह को नियुक्त किया गया।

समाचार-आसपास

राजस्थान की बेटियों ने गाड़े सफलता के झंडे, जीता ओवरऑल उपविजेता का खिताब

भीलवाड़ा। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित 15वीं सब जूनियर एवं 16वीं सीनियर ड्रॉप रोबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में राजस्थान की सब जूनियर बालिका टीम ने अपने असाधारण प्रदर्शन से राष्ट्रीय पटल पर राज्य का गौरव बढ़ाया है। राजस्थान ड्रॉप रोबॉल के सचिव एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम दिन राजस्थान की बालिकाओं ने विभिन्न श्रेणियों में पदकों की झड़ी लगा दी। स्वर्ण पदक (ट्रिपल वर्ग): राजस्थान की दर्शना लखारा, जया गुसा, अक्षिता योगी, गायत्री गारु और गुंजन जादोन ने अद्भुत खेल दिखाते हुए फाइनल में महाराष्ट्र को शिकस्त दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। रजत पदक (सिंगल वर्ग): प्रतिभाशाली खिलाड़ी कोमल ने कड़े संघर्ष के बाद फाइनल में रजत पदक अपने नाम किया। रजत पदक (डबल वर्ग): भावना प्रजापत, कविता सालवी, खुशी तेली और आर्शी की टीम ने बेहतरीन तालमेल का परिचय देते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। इन शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शनों के आधार पर राजस्थान की टीम ने सब जूनियर वर्ग की ऑल ओवर चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टीम की इस सफलता में कोच पायल सेन और मैनेजर पायल साहू का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

श्री भीत के बालाजी मंदिर में महाआरती और विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा। शहर के मंगला चौक स्थित जन-जन की आस्था के केंद्र श्री भीत के बालाजी मंदिर में रविवार, 5 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल एवं समस्त भक्तजनों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:15 बजे हुआ। भगवान बजरंगबली का विशेष श्रृंगार किया गया और संपूर्ण मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी तथा आकर्षक पुष्पों से सजाया गया। महाआरती के दौरान समूचा क्षेत्र 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति संगीत और भजनों की धुनों पर झूमते नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN : L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- A-902 A, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान - 301019 फोन नं. : 011-71239900
ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com | वेबसाइट : www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

यह सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित शेयरधारक से संबंधित ₹10/- प्रति अंकित मूल्य वाले निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र ("शेयर") खो गए/गुम हो गए हैं तथा इन्हें पूर्व में निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष ("IEPF") प्राधिकरण को स्थानांतरित किया जा चुका है।

क्रम सं.	नाम और फोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
	राकेश कुमार	27962	1583171-1583270	100
		9363	916771-916870	100
		15991-15992	1579571-1579770	200
		9534	933871-933970	100

उक्त शेयरों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों का कोई दावा हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अपना दावा प्रस्तुत करें। यह सूचना IEPF के नियमों के अनुरूप जारी की गई है। उपरोक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 04.04.2026
स्थान : दिल्ली